# शहरी समाचार

## नई सोच नई पहल



नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार का प्रकाशन

मार्च, 2022 | वर्ष 02 | अंक 03 | नगरीय बुलेटिन | पृष्ठ :12 | मूल्यः निःशुल्क

प्रधान मंत्री आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

DAY-NULM
Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihoods Mission

आत्मनिर्भर भारत




**16,671**
स्वयं सहायता समूहों (SHGs) का गठन

**85,365**
PMAY(U) आवासों का निर्माण पूर्ण

**28,533**
पीएम स्वनिधि ऋण वितरित

**52,866**
मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) जॉब कार्ड वितरित

अनुक्रमणिका

PMAY (U) योजना के सफल क्रियान्वयन में सरकार की पहल ला रही रंग

आवासविहीन परिवारों के जीवन में आएगा नया सवेरा जमुवादाग आवासीय परियोजना बनेगा नया बसेरा

एकदिवसीय ''राज्य स्तरीय कार्यशाला'' का आयोजन

नारी सशक्तिकरण की मिसाल 'दीदी ऑन व्हील्स'

क्षमता संवर्धन: महिला सशक्तिकरण का एक प्रमुख माध्यम

स्वयं सहायता समूह की ताकत से चुनी कामयाबी की राह

3R के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर रखने का प्रयास

PMAY (U) ने दूर की सारी परेशानी, शुरू हुई जीवन की नई कहानी

शहरी आवासविहीनों के लिए तैयार हो रहा आकर्षक, भव्य व अत्याधुनिक आवास

भावपूर्ण विदाई: योजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन में अभूतपूर्व भूमिका के लिए याद की जायेंगी निदेशक विजया जाधव

पहाड़ों का शहर: साहिबगंज नगर परिषद

# संदेश



**''सबसे पहले होली पर्व के लिए आप सब को हार्दिक शुभकामनाएं !''**

सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है। मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रहा है कि होली के इस पावन अवसर पर डीएमए की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सामाजिक सरोकार आदि के कार्यों से आपको अवगत कराने के उद्देश्य से प्रकाशित डीएमए की पत्रिका ''शहरी समाचार'' के मार्च, 2022 का यह अंक आपके हाथ में है।

निदेशालय के शहरी समाचार का यह नवीन अंक निदेशालय के मासिक पत्रिका की श्रृंखला के दूसरे वर्ष का तीसरा अंक है। ' 'शहरी समाचार'' के मार्च, 2022 के अंक में हमने राज्य के सभी स्थानीय निकायों की विभिन्न गतिविधियों को संकलित करने का प्रयास किया है।

किसी भी पत्रिका के प्रकाशन में हर सावधानियों के बावजूद त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक हो सकता है। हमारे पूर्व राष्ट्रपति व सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की एक पंक्ति अनायास ही मानस पटल पर आता है- ''कदम और कलम हमेशा सोच-समझकर ही उठाना चाहिए''। हमने भी इस पत्रिका के प्रकाशन में अपनी सूझबूझ और सावधानियां बरती हैं। फिर भी यदि पाठकों को कोई त्रुटि नजर आये तो हमारे प्रबुद्ध पाठक बखूबी त्रुटि सुधार करते हुये विषय वस्तु को समझेंगे ऐसा हमारा विश्वास है।

वसंत ऋतु की खिलती बहार एवं होली पर्व के आगमन  हम सभी में नई ऊर्जा व नए उत्साह का अहसास करा रहा है। इसी सकारात्मक अवधारणा के साथ मैं अपनी सभी सहयोगी संस्थाओं को अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने का अपील करता हूँ। साथ ही आशा करता हूँ कि शहरी समाचार का यह अंक हम सभी के लिए प्रेरणादायक व लाभकारी साबित होगा ।

मैं केंद्र सरकार व राज्य सरकार को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

**आप सभी को उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन के मंगल कामनाओं के साथ धन्यवाद!**

**श्री राजेश कुमार पाठक** (भा.प्र.से.)
निदेशक,
नगरीय प्रशासन निदेशालय।

# PMAY(U) योजना के सफल क्रियान्वयन में सरकार की पहल ला रही रंग

## राज्य में PMAY (U) योजना के तहत निर्मित सुन्दर घरों को देखकर केन्द्रीय सचिव महोदय ने जताई ख़ुशी, लाभुकों को दी बधाई



कार्यक्रम के दौरान अपने अनुभवों को साझा करती बुण्डू नगर पंचायत की लाभुक मामोनी पाल।



कार्यक्रम के दौरान अपने अनुभवों को साझा करती लाभुक मनीषा कच्छप।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 17.02.2022 को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, श्री मनोज जोशी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर पर ''लाभार्थियों से रूबरू'' कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के 2 नगर निकायों के ''लाभार्थी आधारित आवास निर्माण (BLC)'' के 2 लाभार्थियों के साथ आवास निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के तहत सचिव महोदय ने झारखंड राज्य के रांची नगर निगम से चयनित मनीषा कच्छप एवं बुण्डू नगर पंचायत से चयनित मामोनी पाल से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान महिला लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सफल क्रियान्वयन व अनुभवों को साझा किया। इस दौरान कार्यक्रम में योजना से जुड़े नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के PMAY(U) कोषांग के राज्य स्तरीय टीम लीडर श्री राजन कुमार, श्री मुकेश कुमार झा एवं संबन्धित नगर निकाय के पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए।



आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, श्री मनोज जोशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **BLC** के 'लाभार्थियों से हुए रूबरू।

लाभार्थियों से रूबरू कार्यक्रम में (MoHUA) के सचिव महोदय ने योजना के लाभार्थियों से उनसे नए मकान के निर्माण के प्रगति संबंधी बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर पूरी जानकारी ली। साथ ही इस बारे में उनके समक्ष पेश आने वाली समस्याओं को भी गंभीरता से सुना तथा उनका समाधान निकालने संबंधी कुछ सुझाव भी दिए। इस दौरान ज्यादातर लाभार्थियों ने बताया कि उन्हें मकान निर्माण में जो भी समस्याएं सामने आई वह कोरोना से उत्पन्न हालात के मद्देनजर उनकी रोजी-रोटी प्रभावित होने के कारण ही उत्पन्न हुई हैं।

महिला लाभार्थियों ने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि आवास निर्माण से पूर्व कच्चा मकान में रहने के दौरान बच्चों को लालन-पालन करने में काफी दिक्कतें आ रही थी। जीवन अंधकारमय हो गया था। कच्चा मकान की दीवार गिरने की आशंका हमेशा बनी रहती थी। साथ ही सगे-संबंधियों व समाज में मान-सम्मान घट गया था। लेकिन, जैसे ही आवास बनकर तैयार हुआ अचानक से सामाजिक, आर्थिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ता मिलने लगी। अचानक सब कुछ पाकर एक सपने जैसा लग रहा है। सगे-संबंधियों के साथ-साथ समाज में उनके मान-सम्मान में भी वृद्धि हुई है। अब जीवन खुशियों से भर गया है।

**केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, के सचिव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ ''लाभार्थियों से रूबरू'' कार्यक्रम**

इस दौरान सचिव महोदय ने आवास निर्माण संबंधी योजनाओं की कार्य प्रगति व लाभार्थियों के परिजनों से रूबरू होकर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोगों को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से जोड़ा जाएगा। ताकि, आपलोग सामाजिक, आर्थिक व व्यक्तिगत रूप से सुदृढ़ एवं सम्पन्न बन सकें। इसके साथ ही निर्माण कार्य में सहयोग के लिए मनीषा कच्छप एवं मामोनी पाल ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार व नगर निकाय के सभी पदाधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## लाभार्थियों के सुंदर व भव्य घरों को देखकर केंद्रीय सचिव महोदय ने प्रसन्नता व्यक्त की

रूबरू कार्यक्रम के दौरान सचिव महोदय ने चयनित महिला लाभार्थियों के नव-निर्मित आवास का वीडियो के माध्यम से पूर्ण जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से पानी, बिजली एवं आवास से जुड़ी जरुरी विषयों पर भी चर्चा की। इसके उपरांत आकर्षक, भव्य, सुंदर व स्वच्छ घर को देखकर उन्होंने काफी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने इस संबंध में योजना के BLC घटक के तहत निर्मित आवासों के लिए लाभुक एवं नगर निकाय के सभी पदाधिकारीगण बधाई दिया है। इस दौरान महिला लाभार्थियों के परिवारों से परिचय प्राप्त कर पेशा संबंधी बातों की भी जानकारी ली।






माननीय केंद्रीय मंत्री, श्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार-सह-स्थानीय सांसद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

# आवासविहीन परिवारों के जीवन में आएगा नया सवेरा जमुवादाग आवासीय परियोजना बनेगा नया बसेरा

## 210 परिवारों को मिलेगा आशियाना, खूंटी में आवासीय परियोजना का शिलान्यास

मनुष्य की तीन बुनियादी जरूरतें हैं रोटी, कपड़ा और मकान। इसके साथ ही ज्ञान, विज्ञान और आत्मनिर्भरता भी हमारी मूल आवश्यकता है। मूल आवश्यकता से समझौता करना नहीं पड़े, इसके लिए हर व्यक्ति सोचता है, पर उन्हें पूरा नहीं कर पाता है और इसलिए आवास जैसी बुनियादी जरूरत की योजना को धरातल पर सफल बनाना अहम है। आवास सुनिश्चित होने से व्यक्ति का समग्र विकास भी सुनिश्चित होता है। सरकार की कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ राज्य में व्यापक स्तर पर प्रदर्शित हो रहा है। राज्य भर में योजना के तहत व्यापक रूप से लाभुकों को जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

खूंटी नगर पंचायत के तत्वावधान में दिनांक 23.02.2022 दिन बुधवार को खूंटी नगर पंचायत अंतर्गत जमुवादाग वार्ड-2 के कुसुम टांड़ में शहरी आवासविहीन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3, किफायती आवास परियोजना के तहत जमुवादाग आवासीय परियोजना का सामूहिक रूप से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुंटी के माननीय सांसद-सह-केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, माननीय विधायक श्री नीलकंठ सिंह मुंडा, उपायुक्त श्री शशि रंजन, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री अर्जुन पाहन, उपाध्यक्ष राखी कश्यप एवं कार्यपालक पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश ने लोगों को संबोधित किया। परियोजना का क्रियान्वयन लगभग 1.42 एकड़ जमीन में 210 लाभुकों के लिए किया जा रहा है। परियोजना लागत लगभग 14 करोड़ रुपये की है। उक्त परियोजना में प्रति लाभुक केंद्र सरकार का सहयोग 1.50 लाख रुपये, राज्य सरकार का सहयोग 1 लाख रुपये और लाभुक अंशदान 3.48 लाख रुपये हैं। इसके लिए खूंटी नगर पंचायत द्वारा आवेदन सह सहमति पत्र निर्धारित पंजीकरण राशि के साथ प्राप्त किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के वार्ड पार्षद एवं नगर प्रबंधक सहित अन्य गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

### परियोजना की विशेषताएं

- लगभग 320 वर्गफीट का घर
- बिजली, पानी, आधारभूत संरचना की सम्पूर्ण व्यवस्था
- बैंकों से आसान किश्तों में लोन
- रजिस्ट्री शुल्क एवं स्टांप ड्यूटी मात्र 1 रुपए में
- सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था

### प्रति फ्लैट आंतरिक विवरण

| | |
|---|---|
| 1 लिविंग रूम | 1 बेडरूम |
| 1 रसोई घर | 1 शौचालय |
| 1 बाथरूम | 1 बालकनी |



भूमि पूजन करते जनप्रतिनिधि।

नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार का प्रकाशन

# एकदिवसीय ''राज्य स्तरीय कार्यशाला'' का आयोजन

## राज्य भर के विभिन्न नगर निकायों के कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं, SSC, CIPET एवं नगर मिशन प्रबंधकों ने भाग लिया।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएमए के सहायक निदेशक श्री योगेंद्र प्रसाद।

डीएमए के तत्वावधान में डे-एनयूएलएम योजना के घटक EST&P अंतर्गत MIS एवं PAiSA PORTAL के संबंध में राजधानी राँची के होटल रॉयल में दिनांक 23.02.2022 को एकदिवसीय ''राज्य स्तरीय कार्यशाला'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएमए के सहायक निदेशक श्री योगेंद्र प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न नगर निकायों के कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं, SSC, CIPET एवं नगर मिशन प्रबंधकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान EST&P घटक, योजना अभिविन्यास एवं परिचय, कौशल प्रशिक्षण का जीवन चक्र, डेटा का प्रबंधन, प्रशिक्षण मूल्यांकन व प्रमाणन और नियुक्ति समेत विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस दौरान डीएमए निदेशक विजया जाधव, कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों से ऑनलाइन रूबरू हुईं। निदेशक महोदया ने सभी कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से युवाओं को अप-टू-डेट करते रहें। युवाओं को उद्योग प्रासंगिक, सार्थक तथा कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर कौशल उन्नति के लिए प्रोत्साहित करें और रोजगार के अवसर प्रदान करने में मददगार बनें। निदेशक महोदया ने आगे बताया कि युवाओं के लिए अवसरों का निर्माण करना है, ताकि इन अवसरों में वे अपना पसंदीदा मार्ग चुन कर अपना भविष्य गढ़ सकें। इस योजना के तहत युवाओं को विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाएगा। निदेशक महोदया ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया।



कार्यशाला का लाभ उठाते योजना अंतर्गत कार्यरत अधिकारी।

> भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद कुशल जनशक्ति की आवश्यकता बढ़ी है। युवाओं के कौशल को पहचान कर उन्हें रोजगार के अवसर आसानी से दिए जा सकते हैं। इस तरह के अवसर न सिर्फ हायरिंग और प्रशिक्षण लागत को कम करते हैं, बल्कि उद्यमी की उत्पादकता पर सीधा इसका असर पड़ता है।
>
> -**श्री योगेंद्र प्रसाद**, सहायक निदेशक

### योजना से जुड़कर सशक्त और आत्मनिर्भर हो रहीं राज्य की महिलाएं

# नारी सशक्तिकरण की मिसाल 'दीदी ऑन व्हील्स'

राज्य भर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं नारी सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रही हैं। दरअसल वे स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़कर न सिर्फ दूसरी महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहीं हैं, बल्कि स्वयं भी आर्थिक तंगी से उबरते हुए सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी पेश कर रही हैं। साथ ही योजना के माध्यम से अपनी तकदीर बदल कर इतिहास रच रही है।




नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत दिनांक 08.02.2022 को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वैदेही स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा ''दीदी ऑन व्हील्स'', चलित फास्ट फूड सेंटर का शुभारंभ किया गया। निगम क्षेत्र में फास्ट फूड सेंटर पर महिला समूह की दीदियों को देखकर लोगों में काफी उत्साह है। बढ़-चढ़ कर लोग व्यंजन का लुफ्त उठा रहें हैं। राज्य में योजना के शत-प्रतिशत कार्यान्वयन से दीदियों में नेतृत्व क्षमता के विकास होने के साथ-साथ वित्तीय जागरूकता बढ़ी है। महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर दिन-प्रतिदिन एक से एक कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। वैदेही स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने इस कार्य की प्रेरणा के लिए डीएमए के निदेशक महोदया तथा कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

'दीदी ऑन व्हील्स' चलित फास्ट फूड सेंटर का हुआ शुभारंभ




## मेनू में उपलब्ध है कई तरह के फास्ट फूड

ग्राहकों के रुचि व किफ़ायती दामों के आधार पर उक्त सेंटर को कई तरह के आधुनिक फास्ट फूड से सजाया गया है। मेनू के अनुसार स्टार्टर के रूप में वेज चाऊमीन, अंडा चाऊमीन, चिकेन चाऊमीन, मिक्स चाऊमीन, मिक्स रोल, चिकेन बर्गर समेत अन्य खाद्य सामग्री तथा मेन कोर्स के रूप में चिकेन बिरयानी, लच्छा पराठा सहित अन्य खाद्य सामग्रियों को शामिल किया गया है।

# क्षमता संवर्धन: महिला सशक्तिकरण का एक प्रमुख माध्यम

## सामुदायिक संसाधन सेवियों के नेतृत्व क्षमता का विकास कर उन्हें सशक्त करने का प्रयास

डीएमए के तत्वावधान में डे-एनयूएलएम योजना के घटक सामाजिक संगठन एवं संस्थ विकास (SM&ID) अंतर्गत सामुदायिक संसाधन सेवियों के स्क्रीनिंग एवं क्षमता संवर्धन हेतु राजधानी राँची के होटल रॉयल में दिनांक 10.02.2022 से 21.02.2022 तक ''बारह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएमए के सहायक निदेशक श्री योगेंद्र प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न नगर निकायों के 37 CRPs दीदियों ने भाग लिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएमए के सहायक निदेशक श्री योगेंद्र प्रसाद।

### विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को स्क्रीनिंग कम टेस्ट के माध्यम से विभिन्न विषयों पर टेस्ट लिया गया। साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को गरीबी क्या हैं? गरीबी के मुख्य कारण, गरीबी बढ़ाने वाले कारण व गरीबी हटाने के सात कदम, केस स्टडी, चार्ट कार्य व अभ्यास से प्रशिक्षणार्थीयों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में मुख्य रूप से समूह की परिभाषा, समूह के गठन, समूह के गठन में ध्यान देने वाली बातें, समूह के नियम, अच्छे समूह के लक्षण पर चर्चा की गई। इस दौरान खासतौर पर आपसी लेन-देन, समय पर पैसा लौटाने, आपसी तालमेल बनाए रखने, समूह की बैठक में दूसरों की बातों को सुनने व ईमानदारी की शर्त को कायम रखने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा समूह की केस स्टडी, साप्ताहिक बैठक का तरीका, साप्ताहिक बैठक से लाभ, दस सूत्र, साप्ताहिक बैठक का एजेंडा, पदाधिकारियों का चयन, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां, एसएचजी पुस्तक के प्रकार, पुस्तक के रख-रखाव पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न क्रियाकलापों में दीदीयों ने जोश-ख़रोश एवं उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का दिनांक 21.02.2022 को समापन किया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद सभी का मूल्यांकन टेस्ट लिया गया। जिसमें सभी CRPs ने उत्साह भरा प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक श्री योगेंद्र प्रसाद, राज्य मिशन प्रबंधक श्री कुमार वम तथा सोशल डेवलपमेंट श्री मुकेश कुमार झा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफ़िकेट प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### गरीबी हटाने पर दें ज़ोर

"प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर अपने संबोधन में सहायक निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय श्री योगेंद्र प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थी CRP दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपना शत-प्रतिशत ध्यान योजनाओं के क्रियान्वयन में, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने में, वित्तीय जागरूकता बढ़ाने में तथा सामाजिक बुराइयों को दूर करने में लगाएं। साथ ही अपने शहरी क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी गरीब महिलाओं को सशक्त कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित करें।

-**श्री योगेंद्र प्रसाद**, सहायक निदेशक, डीएमए

### कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के लिए लिया गया संकल्प

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों (CRPs) से फीडबैक भी लिया गया। क्षेत्र में योजना अंतर्गत कार्यों में बेहतर प्रदर्शन एवं अपने स्तर पर महिला समूहों के सतत् विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के संकल्प लिया गया। साथ ही रहने की उत्तम व्यवस्था एवं खानपान के उचित प्रबंध के लिए सभी CRP दीदियों ने निदेशक महोदया विजया जाधव को धन्यवाद ज्ञापित किया।




समापन कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफ़िकेट प्रदान करते डीएमए सहायक निदेशक श्री योगेंद्र प्रसाद।



समापन समारोह में उपस्थित सभी CRPs दीदी।

नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार का प्रकाशन

स्वयं सहायता समूह की ताकत से चुनी कामयाबी की राह

# राज्य की महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर होकर औरों के लिए बन रहीं प्रेरणा स्त्रोत

महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार की ओर से चलाई जा रही डे-एनयूएलएम योजना का असर समाज में स्पष्ट रुप से दिखने लगा है। महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठाकर न केवल सामाजिक बल्कि आर्थिक रुप से भी सशक्त बन रही है। योजना अंतर्गत तैयार किए जा रहे स्वयं सहायता समूह इस अभियान की रीढ़ की हड्डी बनकर सामने आए हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं न सिर्फ अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं बल्कि परिवार को भी आर्थिक रुप से मजबूती देने में अहम योगदान दे रही हैं। कोरोना महामारी के बाद योजना समाज में एक वरदान बनकर उभर रही है। महिलाओं के जीवन को एक दिशा मिल गई है और महिलाएं विभिन्न कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहीं है।

मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह बाला जी महिला समिति के सदस्यों के द्वारा चाऊमीन का व्यवसाय कर अच्छी-ख़ासी आमदनी की जा रही हैं। इनके द्वारा चाऊमीन बनाकर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न दुकानों, होटलों एवं रेस्टोरेंटों में बिक्री की जा रही है। व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को अलग-अलग ज़िम्मेवारी दी गई है। कुछ महिलाएं चाऊमीन बनाने का कार्य, कुछ पैकिंग, कुछ मार्केटिंग तो कुछ होटल, दुकानों आदि में सप्लाई करने का कार्य करती है। इनके द्वारा बनाए जा रहे चाऊमीन की बिक्री के फलस्वरूप होने वाले आमदनी से समूह के सदस्य लाभान्वित हो रहें हैं।

बालाजी महिला समिति स्वयं सहायता समूह की बबीता देवी, रीता, रेनू, टुंपा, झूमा पोद्दार, सीमा देवी, सुमन गुप्ता, दीपाली, इंतू पोद्दार आदि चाऊमीन बनाने के व्यवसाय में शामिल है। सीआरपी दीदी द्वारा बताया गया योजना के लाभ मिलने के उपरांत अधिक से अधिक चाऊमीन बनाकर मार्केट में बिक्री कर अच्छी-ख़ासी आमदनी हो रही है। इसके पश्चात आमदनी को आपस में बराबर-बराबर बांट लिया जाता है। समूह की सीआरपी दीदी श्रीमती गायत्री नायक के द्वारा व्यवसाय अंतर्गत सभी कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है।

मानगो नगर निगम के द्वारा योजना के तहत बालाजी महिला समिति को रिवाल्विंग फंड के रूप में 10,000/- रु. की राशि दी गई। साथ हीं एसएचजी क्रेडिट लिंकेज का लाभ भी दिया गया। इसके तहत बैंक से कम ब्याज दर पर 1,00,000/- रु. का क्रेडिट लिंकेज का ऋण दिया गया। क्रेडिट लिंकेज का लाभ प्राप्त कर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व्यवसाय से जुड़कर कर आत्मनिर्भर हो रहीं हैं। डीएमए, जिला प्रशासन, एवं एलडीएम पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के द्वारा बैंकों को योजना संबंधी दिए गए निर्देश के कारण स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज का लाभ लेने में आसानी हुई है। साथ ही रिवाल्विंग फंड के रूप में 10,000/- रु. की राशि इनके खाते में कार्यालय के द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

## महिला समूहों को क्रेडिट लिंकेज का दिया जा रहा लाभ







चाऊमीन बनातीं और पैकिंग करतीं समूह की महिलाएं।

### विभिन्न बैंकों से लिंकेज कर योजना का लाभ दिलाया गया

वर्तमान में मानगो नगर निगम द्वारा स्वयं सहायता समूह को स्वरोजगार से जोड़ने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक से लिंकेज का कार्य किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 39 स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंकों से लिंकेज कर एक लाख रुपया दिलाकर योजना का लाभ दिलाया गया है।

जीरो वेस्ट कार्यक्रम

# 3R के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर रखने का प्रयास

## सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों एवं थर्मोकोल व प्लास्टिक से बने बर्तनों का उपयोग नहीं करने की अपील




"जीरो वेस्ट" कार्यक्रम में उपस्थित नगर आयुक्त श्री शैलेंद्र कुमार लाल समेत अन्य नगर निकाय पदाधिकारी व कर्मी।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के सिटीजन इंगेजमेंट श्रेणी के तहत देवघर नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा दिनांक 16.02.2022 को "जीरो वेस्ट" कार्यक्रम का आयोजन शिल्पग्राम ऑडिटोरियम नंदन पहाड़ में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर आयुक्त श्री शैलेंद्र कुमार लाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने, जीरो वेस्ट कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिकों को उत्सवों, पार्टियों, त्योहारों, गेट टुगेदर, धार्मिक अनुष्ठानों के समय आसानी से मिलने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों, सजावटों, थर्मोकोल व प्लास्टिक से बने बर्तनों का उपयोग नहीं करें।

नगर आयुक्त ने कहा कि प्लास्टिक व थर्मोकोल नष्ट नहीं होते है और पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि हमारा उद्देश्य सिर्फ कचरे का निष्पादन करना नहीं, बल्कि नागरिकों को ऐसे तरीकों से अवगत कराना भी है जिससे कचरे का उत्पादन भी कम हो साथ ही लोगों को ''3R (Reduce, Reuse, Recycle)'' पहल को अपनाने की जरूरत है।'' कार्यक्रम के दौरान नोडल पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे नागरिक जो आगे आकर समाज को संदेश देने एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते है तथा स्वच्छ कार्यक्रम/जीरो वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन करना चाहते हैं वे नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन शाखा में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर नगर प्रबंधक श्री सतीश कुमार दास, श्री मृणाल कुमार, श्री अनुज रकेश किस्पोट्टा, प्रियंका कुमारी, मनीषा प्रियंका टोप्पो, सिटी मिशन मैनेजर श्री हिमांशु शेखर, श्री कौशल किशोर, टाउन प्लानर श्री विवेक हर्षशील, आदि उपस्थित थे।








कार्यक्रम में प्रदर्शित स्वच्छता संबंधी प्रारूप।

### जीरो वेस्ट कार्यक्रम की प्रमुख्य विशेषताएं

- कार्यक्रम के आयोजन स्थल शिल्पग्राम ऑडिटोरियम की सजावट फ्लैक्स/ बैनर के जगह पर आर्ट पेपर के पोस्टर का उपयोग किया गया। कार्यक्रम संबंधी सभी आवश्यक जानकारियों को चार्ट पेपर पर लिखा गया।
- अतिथियों के लिए प्लास्टिक के बॉटल के जगह स्टील/कांच के बॉटल का उपयोग किया गया।
- प्लास्टिक/थर्मोकोल के प्लेट के जगह पत्तल के दोने का उपयोग किया गया।
- स्वच्छता संबन्धित घटकों के बारें में स्लोगन के लिए पेपर पोस्टर का उपयोग किया गया।
- गीले कचरे के निष्पादन हेतु कंपोस्टर रखा गया।
- "सोर्स सिग्रेगेशन" को बढ़ावा देने हेतु अलग-अलग डस्टबिन रखा गया।
- सम्मानित एवं स्वागत करने हेतु गुलाब के फूलों का उपयोग किया गया।
- शौचालयों में हैंडवाश तथा पेपर का उपयोग किया गया। महिला शौचालयों में लाल रंग के अलग से डस्टबिन रखा गया।

# PMAY (U) ने दूर की सारी परेशानी, शुरू हुई जीवन की नई कहानी



योजना अंतर्गत निर्मित श्रीमती नीलम देवी का पक्का आवास।



विभिन्न योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए श्रीमती नीलम देवी को सम्मानित करते निकाय के अधिकारी।

श्रीमती नीलम देवी, रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड सं. 16 के सिरका की निवासी हैं। ये अत्यंत ही साधारण परिवार से सम्बन्ध रखतीं हैं। वर्तमान में इनकी मासिक आय 5000/- रुपये है। इनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय एवं सीमित होने के कारण खुद का पक्का मकान जैसी मूलभूत आवश्यकता को पूरा करना इनके लिए एक सपने जैसा था। जिसके कारण वे खुद का पक्का मकान बनाने के बारे में सोच भी नहीं सकती थीं। ये अपने पति और बेटी के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभ मिलने से पूर्व कच्चे मकान में किसी तरह गुजर-बसर करती थी। अपनी आपबीती सुनाते हुए नीलम देवी में बताया कि बरसात के समय अक्सर छत से पानी का रिसाव तथा ठंड के समय कड़कड़ाती ठंड का सामना करना पड़ता था। जिसके चलते पूरा परिवार का जीना-मुहाल हो गया था। साथ ही कच्चे मकान में बिजली, पानी एवं शौचालय जैसी कोई सुविधा नही थी एवं बच्चों को पढ़ने-लिखने में भी दिक्कतें हो रही थी। सगे-संबंधियों के ताने अलग से सुनने पड़ते थे। अचानक एक दिन इन्हें रामगढ़ नगर परिषद के कर्मियों व संबंधित वार्ड पार्षद से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी प्राप्त हुई।

तत्पश्चात, इनके द्वारा संबंधित नगर परिषद में उक्त योजना के लाभ के लिए आवेदन पत्र भरकर जमा किया गया। कुछ समय बाद चयन समिति के सत्यापन के उपरांत इनका चयन प्रधानमंत्री आवास (योजना) शहरी के लाभुक के रूप में कर लिया गया। इसके उपरांत अपनी सहयोग राशि एवं सरकार द्वारा विभिन्न चार किश्तों में प्राप्त राशि से कुछ महीने के अंदर ही इन्होंने अपना पक्का घर बना लिया। अपना घर पाकर पूरा परिवार खुशी से फूले नहीं समा रहा है। साथ ही समाज एवं सगे-संबंधियों के बीच इनकी मान-मर्यादा भी बढ़ गई है। वर्तमान में नीलम देवी दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता से जुड़कर दीदियों और नगर निकाय की गरीब शहरी महिलाओं को स्वरोजगर के प्रति आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित कर रहीं हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं मुख्यमंत्री श्रमिक योजना से संबन्धित सर्वे का कार्य कर पात्र लाभुकों को चयनित कर योजना से जुड़ने में सहयोग प्रदान कर रही हैं।

इन्हें पूर्व में रामगढ़ नगर परिषद के द्वारा नगर निकायों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है। इन सभी उपलब्धियों के लिए श्रीमती नीलम देवी एवं इनके परिवार ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार तथा वार्ड पार्षद व नगर निकाय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

लाइट हाउस प्रोजेक्ट

## शहरी आवासविहीनों के लिए तैयार हो रहा आकर्षक, भव्य व अत्याधुनिक आवास



निर्माणाधीन परियोजना की तस्वीर

राज्य के शहरी आवासविहीनों को सुरक्षित व अत्याधुनिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। सभी के लिए अपना घर गरिमा, आत्मविश्वास, सुरक्षित भविष्य, नई पहचान और विस्तार की संभावनाओं का द्वार खोलता है। इसी उद्देश्य के पूर्ति हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट (LHP) का निर्माण किया जा रहा है। यह एक मॉडल हाउसिंग प्रोजेक्ट है। जिसमें अत्याधुनिक तकनीक से 1008 फ्लैट बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में निर्माण कार्य पूरी तीव्रता के साथ व लक्ष्य के अनुरूप प्रगति पर है। इसके लिए रांची नगर निगम के माध्यम से बुकिंग भी हो चुकी है। इसमें नई एवं उभरती (3 डी-वोल्यूमेट्रीक प्रीकास्ट कोंक्रीट) तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इस परियोजना के निर्माण कार्य व कार्य प्रगति को लेकर योजना से जुड़े डीएमए के अधिकारियों द्वारा लगातार भौतिक निरीक्षण करते हुए युद्धस्तर पर कार्य पूर्ण करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। साथ ही साथ योजना के तीव्र क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों के द्वारा दिशा-निर्देश भी दिए जाते है। इस आवासीय परियोजना में लाभुकों के लिए बिजली, पानी व अन्य सभी आधारभूत संरचनाओं की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई है।

# योजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन में अभूतपूर्व भूमिका के लिए याद की जायेंगीं निदेशक विजया जाधव

## स्थानांतरण के उपरांत निदेशालय के अधिकारियों व कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी

डीएमए के पूर्व निदेशक महोदया विजया जाधव का जिला दंडाधिकारी के रूप में पूर्वी सिंहभूम में पहला पदस्थापन है। विजया जाधव पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त के पद पर स्थानांतरण से पहले नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड में निदेशक पद पर कार्यरत थीं। इनका डीएमए में कार्यकाल 27 जुलाई 2020 से 25 फरवरी 2022 तक रहा। इनकी पहचान पूरे देश में कर्मठ एवं जनता की सेवा करने वाली महिला अधिकारी के रूप में है।



कार्यालय कर्मियों के साथ पूर्व निदेशक विजया जाधव

### लाइट हाउस परियोजना

रांची में लाइट हाउस परियोजना के तहत शहरी आवासविहीनों के लिए 1008 आवास बनाए जा रहें हैं। परियोजना को धरातल पर उतारने में इनकी अग्रणी व अद्वितीय भूमिका रही। लाइट हाउस परियोजना को धरातल पर गति देने में अति गंभीर स्थानीय समस्याओं के कारण विभाग को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसका इन्होंने अपने कुशल नेतृत्व क्षमता से अति शीघ्र समाधान कराते हुए परियोजना का कार्य प्रारंभ करवाया।

### योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अभूतपूर्व रहीं हैं इनकी भूमिका

इनके कार्यकाल के अंतिम माह तक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 84,075 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 50,749 अकुशल श्रमिकों/शहरी श्रमिकों को जॉब कार्ड दिया गया, पीएम स्वनिधि योजना के तहत 27,887 पात्र लाभुकों के बीच ऋण संवितरित किया गया तथा पूरे राज्य में 16,265 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया। असहाय व बेघर शहरी आवासविहीनों को सरलता व सुगमता पूर्वक आश्रय गृह पहुंचाने के लिए रेस्क्यू वाहन का शुभारंभ किया गया। इनके कार्यकाल के दौरान कुष्ट रोगियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 के तहत 400 आवासों का निर्माण तीव्रता के साथ किया गया। कुष्ट कॉलोनी के लाभुक इस कार्य के लिए इनका सदैव आभार प्रकट करतें हैं।



"आपलोग के साथ कार्य करने का एक सुखद अनुभव रहा है। सरकारी सेवा में स्थानांतरण व सेवानिवृत्ति स्वाभाविक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया से एक दिन सभी को गुजरना पड़ता है। उन्होंने अपने 19 माह के कार्यकाल के दौरान बिताए गये पलों को साझा करते हुए कहा कि आप सभी पदाधिकारी व निकाय में कार्यरत कर्मियों के द्वारा उन्हें जो सम्मान मिला है वह उनके जीवन की अमूल्य निधि है। यहां पर सभी का सहयोग अच्छा रहा, सभी ने मिलजुलकर कार्य किया। उन्होने कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिये सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुये उन्हे धन्यवाद भी दिया।"

**विजया जाधव, पूर्व निदेशक, डीएमए**

### महिलाओं के आर्थिक स्वाबलंबन की पक्षधर

निवर्तमान निदेशक विजया जाधव का महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनके आर्थिक स्वाबलंबन पर जोर रहता है। उनका विश्वास है कि शहरी क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह (SHGs) की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर ही उनकी गरीबी दूर की जा सकती है। इसके लिए उनके हुनर की पहचान करना, उनके हाथों से बनाए गए सामानों को उचित बाजार उपलब्ध कराना तथा भविष्य की संभावनाओं की तलाश करना बहुत जरूरी है। इसी के लिए उन्होंने डे-एनयूएलएम योजना के अंतर्गत सोनचिरैया ब्रांड के तहत वृहत स्तर पर राज्य के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हाथों से तैयार गुजिया/पेड़किया को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष पहचान दिलायी। उत्पाद को बहुत ही कम समय में वृहद पैमाने पर स्थानीय बाजारों के साथ-साथ दूसरे शहर के लोगों तक पहुँच सुनिश्चित करवायी। सुदूरवर्ती क्षेत्र की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बहुत ही अल्प अवधि में राष्ट्रीय बाजार मुहैया कराना अपने आप में उल्लेखनीय है। जिसके लिए उन्हें केंद्रीय स्तर पर तारीफ भी की गई। झारखण्ड में सोनचिरैया ब्रांड के तहत पहले उत्पाद के रूप में स्वयं सहायता समूह द्वारा पेश किए गए उत्पाद को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना व प्रशंसा मिली। इससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का मनोबल बढ़ा है व उनमे और भी बहुत कुछ करने कि नव ऊर्जा का संचार हुआ है। जो निश्चित रूप से उनके लिए भविष्य में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगी। डीएमए की निवर्तमान निदेशक विजया जाधव के सम्मान में दिनांक 27.02.2022 को नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशालय अधिकारियों व कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर निदेशक महोदया के साथ अपने-अपने सुखद पलों को साझा किया। इसके उपरांत निदेशक महोदया ने सभी अधिकारियों व कर्मियों के साथ कुछ खट्टी व कुछ मिट्ठी यादों को साझा किया।पूर्व निदेशक विजया जाधव ने विदाई समारोह में डीएमए के कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सफलता प्राप्त करने के लिए ईमानदारी, उच्च आचरण व नैतिक मूल्य जैसे सद्गुणों को अपनाते हुए मिल जुलकर पूरी लगन एवं निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने की बात कही।

# पहाड़ों का शहरः साहिबगंज नगर परिषद




मोतिझरना, साहिबगंज

## भौगोलिक दृष्टि से झारखंड का अद्वितीय पहचान वाला शहर है साहिबगंज

साहिबगंज का अर्थ है गुरुओं (साहेबों या साहबों) का स्थान (गंज)। साहिबगंज झारखंड का एक अद्वितीय शहर है जो उत्तर में गंगा नदी, दक्षिण में राजमहल की पहाड़ियों, पूर्व में बंगाल राज्य और पश्चिम में बिहार के विक्रमशिला (भागलपुर जिले में दुनिया के सबसे पुराने विश्वविद्यालय में से एक) से घिरा है।

**प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल**

- शिवगादी धाम (बाबा गजेश्वरनाथ धाम)
- मोतीझरना (बाबा मोतीनाथ धाम)
- जीवाश्म पार्क, मंडरो

मोतीनाथ धाम के जलप्रपात की ऊँचाई 90 फीट है। साथ ही यह पर्यटन का उभरता हुआ बड़ा केंद्र हैं। यहाँ प्रतिदिन झारखंड के अन्य शहरों, बंगाल तथा बिहार से आने वाले सैलानियों का तांता लगा रहता है।

## साहिबगंज नगर परिषदः एक नजर में

**कुल जनसंख्या**
88,214
पुरुष : 46,449
महिला : 41,765

**औसत साक्षरता दर**
66.41% से 79.21%
पुरुष : 84.98%
महिला : 72.78%

**कुल क्षेत्रफल**
13.5
वर्ग किलोमीटर

**कुल वार्डों की संख्या 28**

अध्यक्षः श्री निवास यादव उपाध्यक्षः श्री रामानंद साह कार्यपालक पदाधिकारीः श्री सुरेन्द्र सिंह

## योजना एक नजर में

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-PMAY(U)

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-IV अंतर्गत वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक कुल 2071 लाभुकों का चयन किया गया जिसमें से 1866 लाभुकों का आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। और शेष आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्ष 2020 में नए डीपीआर के अनुसार कुल 1398 लाभुकों का चयन किया गया है जिसमें लाभुकों से एकरारनामा कराते हुए कार्य कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 के तहत साहिबगंज के केलाबाड़ी क्षेत्र अंतर्गत केलाबाड़ी किफायती आवास परियोजना का निर्माण 1.07 एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। जिसके तहत 154 शहरी आवासविहीन परिवारों को सिर्फ 3.57 लाख रुपये में आवास दिया जायेगा। वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM)

डे-एनयूएलएम योजना अंतर्गत वर्ष 2015-16 से अबतक कुल 403 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। साथ ही ALF का भी गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 17 स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज स्कीम के तहत ऋण प्रदान कराया गया है एवं SEP-1 (व्यक्तिगत स्वरोजगार कार्यक्रम) के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 में 30 के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 31 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया है।

### मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY)

मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 755 के विरूद्ध कुल 795 जॉब कार्ड निर्गत किया गया है। साथ ही 15,419 मानव दिवस कार्य के लक्ष्य के विरूद्ध 14059 दिनों का कार्य आवंटन किया गया।

### पीएम स्वनिधी योजना

पीएम स्वनिधी योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 184 स्ट्रीट वेंडरों को प्रथम किश्त की राशि उपलब्ध करायी गयी है। साथ ही दो स्ट्रीट वेंडरों को द्वितीय किश्त की राशि भी उपलब्ध करायी गयी है।

**डीएमए के तत्वावधान में साहिबगंज नगर परिषद के अधिकारियों ने लक्ष्य के अनुसार उक्त योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। निकाय क्षेत्र के सभी अधिकारी बधाई के पात्र हैं। डीएमए साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।**

संरक्षक
**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री

संपादक
**श्री विनय कुमार चौबे**
सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

कार्यकारी संपादक
**श्री राजेश कुमार पाठक**
निदेशक
नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग

यह बुलेटिन विभाग के कार्यों के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से प्रकाशित है।

# मानगो में पीएम आवास के लिए 21 तक जमा करा सकेंगे आवेदन

**जमशेदपुर.** मानगो नगर निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी घटक 4) के लिए 21 फरवरी तक आवेदन जमा होगा. उक्त निर्णय गुरुवार को निगम कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया. वैसे आवास विहीन लाभुक जो 17 जून 2015 से पूर्व मानगो नगर निगम क्षेत्र में रहते हैं उनके पास रैयती भूमि का दस्तावेज, लगान रसीद सहित उपलब्ध हैं. वे 21 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं. योजना के चयनित नये लाभुकों का डीपीआर 28 फरवरी के पूर्व निदेशालय नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड रांची को भेजा जाना है. योजना से संबंधित जानकारी नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक दिनेश्वर यादव के दूरभाष नंबर 7544830236 पर ली जा सकती है. आवश्यक दस्तावेज 21 फरवरी त... सकते हैं. बैठक में दि... राहुल कुमार, निशांत कु... उपस्थित थे.



# फुटपाथियों को एक बार फिर वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने का निगम कर रहा प्रयास, पहचान पत्र सौंपा



पहचान पत्र देते उप नगर आयुक्त।



खाली पड़ा वेंडिंग जोन।

## फुटपाथियों का जीवन स्तर बेहतर किया जाएगा

## सभी वेंडिंग जोन रहता है खाली

# झारखंड की महिलाओं से रु-ब-रु हुए केंद्रीय सचिव मनोज जोशी

**रांची.** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी की अध्यक्षता में गुरुवार को लाभार्थियों का रूबरू कार्यक्रम हुआ. रांची नगर निगम एवं बुंडू नगर पंचायत की महिला लाभार्थियों ने केंद्रीय सचिव अपना अनुभव साझा किया. सचिव ने महिला लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. सचिव ने राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना अर्बन के तहत बने सुंदर आवास देख खुशी जाहिर की. कार्यक्रम में राज्य के दो नगर निकायों के लाभार्थी दो लाभार्थियों के साथ आवास निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक बात की. सचिव ने नगर निगम से चयनित मनीषा कच्छप व बुंडू की मामोनी पाल से बातचीत की. निर्माण कार्य की प्रगति एवं जीविकोपार्जन संबंधी बिन्दुओं पर की चर्चा हुई. उनकी समस्याओं को भी सचिव ने गंभीरता से सुना तथा उनका समाधान निकालने संबंधी कुछ सुझाव भी दिया.

# छात्राओं ने सीखा कचरों का पृथक्करण

जेएनएसी का स्वच्छ...

जागरुकता...

# आश्रय गृह में आने वालों का रजिस्टर ... नाम होगा दर्ज

...दपुर(वसं.)।मानगो नगर निगम ...क आश्रय गृह में रहने वालों का ... हर दिन रजिस्टर में दर्ज होगा। ...ार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ... ने यह आदेश दिया है। मंगलवार को ... कार्यपालक

## दैनिक अखबारों में प्रकाशित नगर निकायों के गतिविधियों की कुछ झलकियां

# स्ट्रीट वेंडर को मिला वेंडिंग सार्टिफिकेट

**गिरिडीह.** नगर निगम सभागार में शनिवार को डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ और प्रभारी उप नगर आयुक्त रोहित कुमार सिन्हा की उपस्थिति में शहरी पथ विक्रेताओं के कुल 54 चयनित लोगों को सीट एलॉटमेंट करा कर वेंडिंग सर्टिफिकेट दिया गया...



# 300 से ज्यादा लाभुकों को निगम ने दिये यूनिफॉर्म



**जमशेदपुर.** मानगो नगर निग... अंतर्गत डे एनयूएलएम योजना... तहत संचालित प्रशिक्षण केंद्र स... ब्यूटी एंड हेल्थ केयर में प्रशिक्ष... प्राप्त करने वाले लगभग 300 ... ज्यादा लाभुकों को यूनिफॉर्म किट का वितरण किया गया. निग... के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि यूनिफॉर्म एवं किट न... विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार की ओर से मुहैया कराया ग... है. यूनिफॉर्म को प्रशिक्षण लेने वाले लाभुकों को प्रतिदिन पहनकर प्रशिक्षण के... आना आवश्यक है. प्रशिक्षण केंद्र साईं ब्यूटी एंड हेल्थ केयर का संचालन... मानगो नगर निगम अंतर्गत किया...

# प्रधानमंत्री आवास की भव्यता देख मुग्ध हुए केंद्रीय सचिव

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से केंद्रीय सचिव ने बात की, कहा- झारखंड के सुंदर व भव्य आवास ने तोड़ दी अवधारणा

**राज्य ब्यूरो, रांची :** झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से केंद्रीय सचिव ने गुरुवार को बात की और इस दौरान उन्होंने इस योजना से बने भवनों की भव्यता की भरपूर प्रशंसा की। लाभुकों से रूबरू कार्यक्रम में झारखंड के रांची नगर निगम और बुंडू नगर पंचायत की महिला लाभार्थियों ने अपनी बात केंद्रीय सचिव के सामने रखी। यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किया गया था।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय...

## मिला पक्का मकान, बढ़ा मान-सम्मान

महिला लाभार्थियों ने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि आवास निर्माण से पूर्व कच्चा मकान में रहने के दौरान बच्चों को लालन-पालन करने में...

# स्वच्छ सर्वेक्षण में आप ही दिला सकते हैं शहर को बेहतर रैंकिंग

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 का मूल्यांकन इस बार मार्च में होगा. सर्वेक्षण के लिए टीम एक मार्च के बाद कभी भी आ सकती है. टीम शहरवासियों से स्वच्छता को लेकर सवाल-जवाब करेगी और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेगी. आपका फीडबैक से शहर को बेहतर रैंक दिला सकता है. जितने लोग अच्छा फीडबैक देंगे, रैंकिंग भी उतनी बेहतर मिलेगी. फीडबैक में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोग भाग ले सकते हैं.

**इस तरह से दे सकते हैं फीडबैक :** शहरवासी अपना फीडबैक क्यूआर...



### ये सहयोग कर सकते हैं आप

- इधर-उधर कचरा नहीं फेंके, कर्मचारियों को दें
- सूखा-गीला कचरा अलग-अलग दें
- अपना सुझाव व फीडबैक ... के माध्यम से दें
- अपने स्तर पर भी कचरे का ...

## नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Follow us on : @JharkhandDMA , Website : dmajharkhand.in

1st Floor, JUPMI Building, Beside H.E.C Headquarter, Dhurwa, Ranchi -834004, Jharkhand